भा. कृ. अनु. प.- केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान
क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र, भरूच

केंद्र पर बीएससी (कृषि) के छात्रों का भ्रमण

क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र, भरूच में नवसारी कृषि विश्वविद्यालय से, दिनांक 30 अगस्त को 49 बीएससी (कृषि) छात्राएँ तथा 02 सितंबर 2024 को 76 बीएससी (कृषि) छात्र, तीन शिक्षकों, डा. भूमिका तंदेल, डा. राहुल पिसल, तथा डा. राजेश भुवा, के साथ, RAWE (Rural Agricultural Work Experience) के तहत भ्रमण के लिए आये| कार्यक्रम की शुरुआत ICAR गीत से हुई| सर्वप्रथम संस्थान के माननीय अध्यक्ष डा. अनिल चिन्चमलात्पुरे द्वारा संस्थान के मुख्य उद्देश्य तथा वर्तमान में चल रहे प्रयोगों के बारे में संक्षिप्त में बताया गया| इसके पश्चात संस्थान की वरिष्ठ वैज्ञानिक, डा. मोनिका शुक्ला द्वारा "ICAR and CSSRI at a Glance" विषय पर व्याख्यान दिया गया, जिसमें छात्रों को ICAR, इसके उद्देश्य, इसकी कार्यप्रणाली, इसके अंतर्गत आने वाले संस्थान तथा भारतीय कृषि में इसका योगदान आदि के बारे में बुनियादी जानकारी प्रदान की गयी| उनके द्वारा हमारे संस्थान, केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान तथा क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र, भरूच की संरचना, संस्थान के मुख्य उद्देश्य, चल रहीं अनुसंधान परियोजनाएं, विकसित तकनीकियों आदि के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गयी| इसके पश्चात छात्रों को केंद्र की मृदा तथा पौध परीक्षण शाला का भ्रमण कराया गया जहाँ उपस्थित तकनीशियन आकांक्षा विश्वकर्मा तथा मुर्तुजा खान पठान द्वारा परीक्षण शाला के विभिन्न उपकरणों उनके कार्यकारी सिद्धांत तथा मृदा परीक्षण के बारे में बताया गया| छात्रों को मृदा नमूने से मृदा के EC तथा pH निकालने का प्रयोग करके भी बताया गया| मृदा नमूनों के संरक्षण हेतु बनाये गये संरक्षण कक्ष का भ्रमण भी कराया गया| इसके बाद सभी छात्रों को केंद्र के परिसर में बनाये गए दो भूजल पुनर्भरण संरचना (Ground water recharge structure) का भ्रमण डा. डेविड कैमस द्वारा कराया गया तथा इसके निर्माण, कार्य आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी| सभी छात्रों ने गहन रूचि के साथ पूरे कार्यक्रम में भाग लिया| कार्यक्रम का समापन शिक्षक तथा छात्रों द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ|